कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 05.11.2022

// प्रेस विज्ञप्ति //

गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं ने रचा इतिहास बास्केटबॉल एवं एथलेटिक्स में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा विप्र महाविद्यालय, रायपुर में आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय महिला बास्केटबॉल में दुर्ग सेक्टर ने फाईनल मैच जीत कर विजेता बनने का गौरव हासिल किया।

दुर्ग सेक्टर ने अपने प्रथम मैच में बस्तर सेक्टर को 50–0 से परास्त किया तथा दूसरे मैच में सरगुजा सेक्टर को 56–21 से हराया।

अंतिम मुकाबला दुर्ग सेक्टर और रायपुर सेक्टर के बीच हुआ। जिसमें दुर्ग सेक्टर ने शानदार प्रदर्शन करते हुये रायपुर सेक्टर को 52–08 से पराजित कर दिया।

दुर्ग सेक्टर की टीम में शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या महाविद्यालय की सात खिलाड़ी सम्मिलित थे, कु. रिया वर्मा कप्तान, निशा नेताम, रोगिनी झा, रितिका निषाद, पूनम नायक, कु. विद्या, अमिषा गिरी, ज्योति गुप्ता–सेठ रतनचंद सुराना महाविद्यालय से एवं रूखसार, डी, अनुशा, ज्योति प्रजापति, पी दिव्या सभी देवसंस्कृति महाविद्यालय, खपरी, दुर्ग, टीम मैनेजर डॉ. ऋतु दुबे, प्रशिक्षक कु. आफरीन थी। इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट खिलाड़ी का पुरस्कार रिया वर्मा को दिया गया।

इसी तरह सेठ रतनचंद सुराना महाविद्यालय द्वारा आयोजित सेक्टर स्तरीय महाविद्यालयीन एथलेटिक्स प्रतियोगिता में महाविद्यालय ने तीन गोल्ड, आठ सिल्वर एवं एक ब्रान्ज मेडल हासिल किया।

महाविद्यालय की धाविका कु. प्रियंका साहू ने 1500 मीटर एवं 800 मीटर में प्रथम, प्रतिमा साहू ने 10000 मीटर, 5000 मीटर, 1500 मीटर में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कु. नूतन साहू ने 250 मीटर में प्रथम, 400 मीटर में द्वितीय, 100 मीटर में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

ईशिका नेताम ने गोला फेंक में द्वितीय स्थान, पायल नेताम ने हेमर थ्रो, भाला फेक में द्वितीय एवं तवा फेक में तृतीय स्थान प्राप्त किया। टीम मैनेजर डॉ. शबीना बेगम, एवं सहायक श्री विजय चन्द्रकार एवं श्री बल्ला वैष्णव थे।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुशील चंद्र तिवारी एवम महाविद्यालय परिवार ने खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर उन को बधाई दी है।

समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)